भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3028**
सोमवार, 20 मार्च, 2023/29 फाल्गुन, 1944 (शक)

**औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) योजना**

3028. श्री रणजितसिंह नाईक निम्बालकरः
श्री देवजी पटेलः
श्री दिलीप शइकीयाः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आईटीआई में दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार हेतु विश्व बैंक की सहायता से पांच साल की परियोजना औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) आरम्भ करने के बावजूद भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में उद्योगों की आवश्यकताओं और आईटीआई में प्रदान की जा रही शिक्षा और प्रशिक्षण के बीच अंतर के कारण आईटीआई में छात्रों की रुचि कम हो रही है;

(ख) देश में राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर-पूर्व सहित सरकारी और निजी आईटीआई में सीटों की वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है और उनमें से कितनी सीटें रिक्त हैं; और

(ग) सरकार द्वारा आईटीआई प्रणाली को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरुप बनाने तथा इन पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) जी नहीं, देश में लंबे समय से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौशल इको-सिस्टम (पारिस्थितिकी तंत्र) का आधार हैं। वर्तमान में, पूरे देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआईज) में लगभग 25 लाख छात्र नामांकित है। औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुसार डीजीटी, आईटीआई में शिक्षण के लिए पाठ्यक्रम सामग्री और पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या में लगातार सुधार करता रहा है। वर्तमान में, आईटीआइज में 152 पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों की सूची **अनुबंध 'क'** में दी गई है।

उद्योग 4.0 की आवश्यकता को पूरा करने वाले कई न्यू एज पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत की गई है। इन पाठ्यक्रमों की विस्तृत सूची **अनुबंध ख** में दी गई है।

(ख) औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) विश्व बैंक की सहायता प्रदत्त परियोजना है जिसका लक्ष्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लर्निंग अवसंरचना का उन्नयन और संवर्धन करना है। इस परियोजना के अंतर्गत 500 आईटीआइज को शामिल किया गया है और प्रशिक्षण उपकरण, यंत्रों तथा अन्य मशीनरी का उन्नयन किया जा रहा है। कोविड महामारी के दौरान आईटीआई के सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद नामांकन में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और परियोजना सफल रही है।

स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत वित्तपोषित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए उपलब्ध सीटों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या और वास्तविक नामांकन अनुबंध 'ग' में दिए गए है।

(ग) प्रशिक्षणार्थियों के उद्योग संपर्क में सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (डीएसटी) नामक एक पहल शुरु की गई है। इस पहल का लक्ष्य आईटीआई छात्रों को उद्योग में ही प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके लिए आईटीआई और उद्योंग भागीदारों के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें आईटीआई छात्रो संस्थान (आईटीआई) में व्यवसाय सिद्धांत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और उद्योग में 6 से 9 महीने का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस परियोजना को कार्यान्वित करने वाले आईटीआईज की संख्या 2018 में 81 से बढ़कर 2022 में 978 हो गई है। यह प्रणाली प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग में सहज रूप से (हेंड्स ऑन) से काम करने के लिए प्रशिक्षण और नए यंत्रों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी का ज्ञान प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाती है।

स्ट्राइव परियोजना शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए लगभग 100 उद्योग समूहों (आईसीस) को सुदृढ़ करने का कार्य भी कर रही है। इसके अतिरिक्त, स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत चयनित आईटीआइज की संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) है जिसकी अध्यक्षता स्थानीय उद्योग के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा की जाती है। स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत ऑन द जॉब (नौकरी के दौरान प्रशिक्षण) प्रशिक्षण भी दिया जाता है और स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत निधि का एक भाग 'ऑन द जॉब' प्रशिक्षण के लिए निर्धारित है। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत टीचिंग और लर्निंग उपकरणों का भी उन्नयन किया गया है जिसमें नई मशीनों की खरीद, नए व्यवसायों को शुरू करना, आईटीआई प्रणाली को उद्योगो की आवश्यकतानुसार अधिक उत्तरदायी बनाकर कौशल प्रशिक्षण के प्रति छात्रों की रूचि को बढ़ाना शामिल है।

**अनुबंध-क**

**शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत पाठ्यक्रमों की सूची**

| **क्र.सं.** | **सेक्टर का नाम** | **व्यवसाय का नाम** | **एनएसक्यूएफ स्तर** | **अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एयरोस्पेस और एविएशन | रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए)/ड्रोन पायलेट | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 2 | एयरोस्पेस और एविएशन | ड्रोन तकनीशियन | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 3 | कृषि | पुष्पोत्पादन और भू-परिदृश्य (लेन्डस्कैपिंग) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 4 | कृषि | बागवानी | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 5 | कृषि | मृदा परीक्षण और फसल तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 6 | परिधान (अपैरल) | कंप्यूटर सहाय्यित कढ़ाई और डिजाइनिंग | 4 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 7 | परिधान (अपैरल) | कटाई और सिलाई (वीआई और ओडी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 8 | परिधान (अपैरल) | ड्रेस मेकिंग | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 9 | परिधान (अपैरल) | फेशन डिजाइन और प्रौद्योगिकी | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 10 | परिधान (अपैरल) | सिलाई तकनीक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 11 | परिधान (अपैरल) | सरफेस ऑरनामेंटेशन तकनीक (एम्ब्रॉयडरी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 12 | ऑटोमोटिव | चालक सह मकैनिक | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 13 | ऑटोमोटिव | कृषि मशीनी मकैनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 14 | ऑटोमोटिव | ऑटो बॉडी पेन्टिंग मकैनिक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 15 | ऑटोमोटिव | ऑटो बॉडी रिपेयर मकैनिक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 16 | ऑटोमोटिव | ऑटो इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 17 | ऑटोमोटिव | डीजल मेकैनिक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 18 | ऑटोमोटिव | मोटर वाहन मकैनिक (एमएमवी) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 19 | ऑटोमोटिव | मकैनिक टैक्टर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 20 | ऑटोमोटिव | दुपहिया तथा तीन पहिया वाहन मैकेनिक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 21 | ऑटोमोटिव | पंप ऑपरेटर सह मैकेनिक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 22 | ऑटोमोटिव | इलेक्ट्रिक वाहन मैकेनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 23 | ब्यूटी एंड वेलनेस | सौंदर्य प्रसाधन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 24 | ब्यूटी एंड वेलनेस | केस और त्वचा देखभाल (वीआई) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 25 | ब्यूटी एंड वेलनेस | स्पा थैरेपी | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 26 | बीएफएसआई (बैंकिंग,वित्तीय सेवाएं और बीमा) | वित्त प्रबंधन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 27 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | एडिटिव मैन्यूफेकचरिंग टेक्नीशियन (3डी प्रिंटिंग) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |

| क्र.सं. | सेक्टर का नाम | व्यवसाय का नाम | एनएसक्यूएफ स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 28 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मरीन इंजन फिटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 29 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मरीन फिटर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 30 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मशीन उपकरण रखरखाव मैकेनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 31 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | उन्नत मशीन टूल ऑपरेटर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 32 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | सेंट्रल एयर कंडीशन प्लांट मैकेनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 33 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 34 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | फिटर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 35 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | फाउंड्रीमेन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 36 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मेटल कटिंग परिचर (वीआई) | 3 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 37 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मशीनिस्ट | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 38 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मशीनिस्ट ग्रांडर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 39 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | शीट मेटल कर्मचारी | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 40 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | टूल तथा डाई मेकर (डाई और मोल्ड्स) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 41 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | टूल तथा डाई मेकर (टूल तथा डाई मेकर प्रेस टूल्स, जिग्स और फिक्सचर) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 42 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | टर्नर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 43 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | वेल्डर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 44 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | वेल्डर (निर्माण और फिटिंग) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 45 | पूंजीगत सामान तथा | वेल्डर (जीएमएडब्ल्यू और जीटीएडब्ल्यू) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |

| क्र.सं. | सेक्टर का नाम | व्यवसाय का नाम | एनएसक्यूएफ स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| | विनिर्माण | | | |
| 46 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | वेल्डर (पाइप) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 47 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | वेल्डर (संरचनात्मक) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 48 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | वेल्डर (वेल्डिंग और निरीक्षण) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 49 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | प्रशीतन और एयर कंडीशनर तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 50 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | रिफ्रैक्टरी तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 51 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मैकेनिक खनन मशीनरी | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 52 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मैकेनिक लेंस/प्रिज्म ग्राइंडिंग | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 53 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | पोत नेविगेटर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 54 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | कपड़ा मेक्ट्रोनिक्स | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 55 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | वैमानिकी संरचना और उपकरण फिटर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 56 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | तकनीशियन मेक्ट्रोनिक्स | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 57 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | उन्नत उपकरण का उपयोग करने वाला कारीगर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 58 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | मूल डिजाइनर और आभासी सत्यापनकर्ता (मैकेनिकल) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 59 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | औद्योगिक रोबोटिक्स और डिजिटल विनिर्माण तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 60 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | विनिर्माण प्रक्रिया नियंत्रण और स्वचालन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 61 | पूंजीगत सामान तथा विनिर्माण | उन्नत सीएनसी मशीनिंग | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 62 | रसायन और पेट्रोरसायन | अटेंडेंट ऑपरेटर (रासायनिक संयंत्र) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |

| क्र.सं. | सेक्टर का नाम | व्यवसाय का नाम | एनएसक्यूएफ स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 63 | रसायन और पेट्रोरसायन | यंत्र मैकेनिक (रासायनिक संयंत्र) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 64 | रसायन और पेट्रोरसायन | प्रयोगशाला सहायक (रासायनिक संयंत्र) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 65 | रसायन और पेट्रोरसायन | रखरखाव मैकेनिक (रासायनिक संयंत्र) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 66 | रसायन और पेट्रोरसायन | प्लास्टिक प्रसंस्करण ऑपरेटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 67 | रसायन और पेट्रोरसायन | इलेक्ट्रोप्लाटर | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 68 | निर्माण | आर्किटेक्चरल ड्राफ्ट्समैन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 69 | निर्माण | बढ़ई | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 70 | निर्माण | सिविल इंजीनियरिंग सहायक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 71 | निर्माण | घरेलू पेंटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 72 | निर्माण | ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 73 | निर्माण | औद्योगिक चित्रकार | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 74 | निर्माण | आंतरिक डिजाइन और सजावट | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 75 | निर्माण | मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 76 | निर्माण | पेंटर (सामान्य) | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 77 | निर्माण | सर्वेक्षक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 78 | शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान | अर्ली चाइल्डहुड एजुकेटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 79 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | तकनीशियन इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और मरम्मत | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 80 | इलेक्ट्रॉनिक्स और एचडब्ल्यू | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 81 | इलेक्ट्रॉनिक्स और एचडब्ल्यू | उपकरण मैकेनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 82 | इलेक्ट्रॉनिक्स और एचडब्ल्यू | मैकेनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरण | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 83 | इलेक्ट्रॉनिक्स और एचडब्ल्यू | स्मार्टफोन तकनीशियन सह ऐप परीक्षक | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 84 | इलेक्ट्रॉनिक्स और एचडब्ल्यू | तकनीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 85 | इलेक्ट्रॉनिक्स और | तकनीशियन चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |

| क्र.सं. | सेक्टर का नाम | व्यवसाय का नाम | एनएसक्यूएफ स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| | एचडब्ल्यू | | | |
| 86 | पर्यावरण विज्ञान | सौर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 87 | खाद्य उद्योग | बेकर और हलवाई | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 88 | खाद्य उद्योग | डेयरिंग | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 89 | खाद्य उद्योग | कृषि प्रसंस्करण | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 90 | खाद्य उद्योग | खाद्य पेय पदार्थ | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 91 | खाद्य उद्योग | फल और सब्जियां प्रसंस्करण | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 92 | खाद्य उद्योग | दूध और दूध उत्पाद तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 93 | खाद्य उद्योग | खाद्य उत्पादन (सामान्य) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 94 | खाद्य उद्योग | शहद प्रसंस्करण तकनीशियन | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 95 | हस्तकला और कारपेट्स | बैम्बू वर्क्स | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 96 | हेल्थ केयर | स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 97 | हेल्थ केयर | रेडियोलॉजी तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 98 | हेल्थ केयर | दंत प्रयोगशाला उपकरण तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 99 | हेल्थ केयर | स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 100 | हेल्थ केयर | फिजियोथेरेपी तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 101 | हेल्थ केयर | वृद्धावस्था (वृद्धावस्था) देखभाल | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 102 | आईटी / आईटीईज | आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट कृषि) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 103 | आईटी / आईटीईएस | आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट सिटी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 104 | आईटी / आईटीईएस | आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट हेल्थ केयर) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 105 | आईटी / आईटीईएस | डेटा एंट्री ऑपरेटर | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 106 | आईटी / आईटीईएस | सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली रखरखाव | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 107 | आईटी / आईटीईएस | सूचना प्रौद्योगिकी समर्थन कार्यकारी | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 108 | आईटी / आईटीईएस | भू-सूचना विज्ञान सहायक | 4 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 109 | आईटी / आईटीईएस | कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 110 | आईटी / आईटीईएस | कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 111 | आईटी / आईटीईएस | कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (वीआई तथा ओडी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 112 | आईटी / आईटीईएस | डाटाबेस सिस्टम सहायक | 4 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 113 | आईटी / आईटीईएस | डेस्कटॉप प्रकाशन ऑपरेटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 114 | आईटी / आईटीईएस | मल्टीमीडिया, एनिमेशन और विशेष प्रभाव | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 115 | आईटी / आईटीईएस | सॉफ्टवेयर परीक्षण सहायक | 4 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 116 | आईटी / आईटीईएस | डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर (वीआई) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 117 | चमड़ा (लेदर) | जूते बनाने वाला | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |

| क्र.सं. | सेक्टर का नाम | व्यवसाय का नाम | एनएसक्यूएफ स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 118 | चमड़ा (लेदर) | चमड़े का सामान बनाने वाला | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 119 | लॉजिस्टिक | प्लांट लॉजिस्टिक्स असिस्टेंट में | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 120 | लॉजिस्टिक | गोदाम तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 121 | मीडिया और मनोरंजन | डिजिटल फोटोग्राफर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 122 | मीडिया और मनोरंजन | फोटोग्राफर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 123 | मीडिया और मनोरंजन | वीडियो कैमरामैन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 124 | खुदाई (माइनिंग) | स्टोन माइनिंग मशीन ऑपरेटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 125 | खुदाई (माइनिंग) | स्टोन प्रोसेसिंग मशीन ऑपरेटर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 126 | कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन | विपणन कार्यकारी | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 127 | कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन | सचिवीय अभ्यास (अंग्रेजी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 128 | कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन | मानव संसाधन कार्यकारी | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 129 | कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन | आशुलिपिक सचिवीय सहायक (अंग्रेजी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 130 | कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन | आशुलिपिक सचिवीय सहायक (हिंदी) | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 131 | प्लंबिंग | प्लंबर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 132 | पावर | बिजली मिस्त्री बिजली वितरण | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 133 | पावर | बिजली मिस्त्री | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 134 | पावर | वायरमैन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 135 | पावर | लिफ्ट और एस्केलेटर मैकेनिक | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 136 | पावर | लघु हाइड्रो पावर प्लांट तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 137 | पावर | पवन संयंत्र तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 138 | निजी सुरक्षा | फायरमैन | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 139 | रबर उद्योग | रबड़ तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 140 | रक्षा और सुरक्षा | अग्नि प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 141 | टेलीकॉम | फाइबर टू होम तकनीशियन | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 142 | कपड़ा और हथकरघा | कताई तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 143 | कपड़ा और हथकरघा | कपड़ा गीला प्रसंस्करण तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |
| 144 | कपड़ा और हथकरघा | बुनाई तकनीशियन | 4 | 2 वर्ष (2400 घंटे) |

| क्र.सं. | सेक्टर का नाम | व्यवसाय का नाम | एनएसक्यूएफ स्तर | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 145 | कपड़ा और हथकरघा | रेशमी और ऊनी कपड़ों के लिए बुनाई तकनीशियन | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 146 | पर्यटन और आतिथ्य | खाद्य और पेय सेवा सहायक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 147 | पर्यटन और आतिथ्य | फ्रंट ऑफिस असिस्टेंट | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 148 | पर्यटन और आतिथ्य | खानपान और आतिथ्य सहायक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 149 | पर्यटन और आतिथ्य | अस्पताल हाउसकीपिंग | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 150 | पर्यटन और आतिथ्य | हाउसकीपर | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 151 | पर्यटन और आतिथ्य | पर्यटक गाइड | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |
| 152 | पर्यटन और आतिथ्य | यात्रा और भ्रमण सहायक | 3 | 1 वर्ष (1200 घंटे) |

**अनुबंध-ख**

**न्यू एज पाठ्यक्रमों की सूची**

| **क्र.सं.** | **सेक्टर का नाम** | **व्यवसाय का नाम** | **एनएसक्यूएफ स्तर** | **अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एयरोस्पेस और एविएशन | रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए)/ड्रोन पायलट | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 2 | एयरोस्पेस और एविएशन | ड्रोन तकनीशियन | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 3 | ऑटोमोटिव | मैकेनिक इलेक्ट्रिक वाहन | 4 | दो वर्ष(2400 घंटे) |
| 4 | पूंजीगत सामान और विनिर्माण | एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन (3डी प्रिंटिंग) | 3 | एक वर्ष (1200 घंटे) |
| 5 | पूंजीगत सामान और विनिर्माण | औद्योगिक रोबोटिक्स और डिजिटल विनिर्माण तकनीशियन | 3 | एक वर्ष (1200 घंटे) |
| 6 | पर्यावरण विज्ञान | सौर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) | 3 | एक वर्ष (1200 घंटे) |
| 7 | इलेक्ट्रॉनिक्स और एच डब्ल्यू | स्मार्टफोन तकनीशियन सह ऐप परीक्षक | 3 | 6 माह (600 घंटे) |
| 8 | आईटी और आईटीईएस | आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट कृषि) | 3 | एक वर्ष (1200 घंटे) |
| 9 | आईटी और आईटीईएस | आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट सिटी) | 3 | एक वर्ष (1200 घंटे) |
| 10 | आईटी और आईटीईएस | आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट हेल्थ केयर) | 3 | एक वर्ष (1200 घंटे) |
| 11 | आईटी आईटीईएस | भू-सूचना विज्ञान सहायक | 4 | एक वर्ष (1200 घंटे) |

**अनुबंध-ग**

**स्ट्राइव के अंतर्गत वित्तपोषित आईटीआई का राज्य-वार और वर्ष-वार सीट उपयोगिता के आंकडे**

| राज्य/संघ क्षेत्र | स्ट्राइव के अंतर्गत सरकारी आईटीआइज | स्ट्राइव के अंतर्गत निजी आईटीआइज | उपलब्ध सीटें (2021-22) | कुल नामांकन (2021-22) | उपलब्ध सीटें (2022-23) | कुल नामांकन (2022-23) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1 | - | 320 | 318 | 336 | 288 |
| आंध्र प्रदेश | 15 | - | 5,988 | 3,883 | 6,068 | 4,503 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1 | - | 300 | 64 | 324 | 99 |
| असम | 6 | 2 | 3,536 | 1,715 | 3,536 | 1,680 |
| बिहार | 4 | - | 3,832 | 2,011 | 4,028 | 2,143 |
| चंडीगढ़ | 1 | - | 628 | 494 | 536 | 466 |
| छत्तीसगढ़ | 13 | 4 | 5,076 | 3,772 | 5,292 | 3,571 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2,704 | 1,521 | 2,620 | 1,595 |
| गोवा | 2 | - | 1,132 | 521 | 1,132 | 526 |
| गुजरात | 34 | 4 | 20,224 | 13,286 | 19,948 | 13,339 |
| हरियाणा | 21 | - | 12,148 | 8,137 | 12,096 | 8,523 |
| हिमाचल प्रदेश | 31 | 1 | 13,052 | 7,482 | 13,868 | 8,760 |
| जम्मू और कश्मीर | 7 | - | 2,076 | 1,632 | 2,128 | 1,572 |
| झारखंड | 3 | - | 1,588 | 957 | 1,516 | 1,040 |
| कर्नाटक | 21 | 1 | 11,748 | 3,984 | 10,632 | 4,420 |
| केरल | 23 | 2 | 16,408 | 13,363 | 16,976 | 13,627 |
| मध्य प्रदेश | 20 | 1 | 8,584 | 4,755 | 9,072 | 5,376 |
| महाराष्ट्र | 72 | 4 | 71,032 | 34,277 | 70,532 | 35,960 |
| मणिपुर | 2 | - | 1,048 | 108 | 1,068 | 105 |
| मेघालय | 1 | - | 176 | 136 | 196 | 150 |
| मिजोरम | 1 | - | 540 | 201 | 560 | 257 |
| नागालैंड | 1 | - | 72 | 61 | 68 | 57 |
| ओडिशा | 25 | 2 | 19,164 | 13,488 | 18,704 | 14,085 |
| पुदुचेरी | 2 | - | 196 | 73 | 268 | 95 |
| पंजाब | 23 | 1 | 13,420 | 7,726 | 15,124 | 7,448 |
| राजस्थान | 14 | - | 5,996 | 3,969 | 6,416 | 4,089 |
| सिक्किम | 1 | - | 336 | 119 | 424 | 219 |

| **राज्य/संघ क्षेत्र** | **स्ट्राइव के अंतर्गत सरकारी आईटीआइज** | **स्ट्राइव के अंतर्गत निजी आईटीआइज** | **उपलब्ध सीटें (2021-22)** | **कुल नामांकन (2021-22)** | **उपलब्ध सीटें (2022-23)** | **कुल नामांकन (2022-23)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | 29 | 3 | 17,056 | 9,959 | 17,020 | 11,640 |
| तेलंगाना | 17 | - | 4,752 | 2,719 | 5,020 | 2,808 |
| त्रिपुरा | 8 | - | 1,712 | 838 | 2,100 | 1,181 |
| उत्तर प्रदेश | 25 | 4 | 17,664 | 12,054 | 17,476 | 12,092 |
| उत्तराखंड | 8 | - | 1,464 | 840 | 1,524 | 897 |
| पश्चिम बंगाल | 26 | 2 | 12,868 | 5,625 | 14,968 | 7,051 |
| **कुल** | **461** | **32** | **276,840** | **160,088** | **281,576** | **169,662** |